हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, रविवार 1 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 32.9 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री


13 रामकथा में लंका दहन, अंगद रावण संवाद सुनाया





14 हिंदी के पेपर में नकल करते दो को पकड़ा




## शहर की सुंदरता पर ग्रहण लगाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने पुलिस थानों में दी शिकायत

# बिना अनुमति पोस्टर व होर्डिंग्स लगाने वाली 3 कंपनियों के खिलाफ एफआईआर की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर में कई जगहों पर बिना अनुमति के बड़े-बड़े होर्डिंग्स, फ्लैक्स व पोस्टर लगाकर शहर की सुंदरता को ग्रहण लगाया जा रहा है। विभिन्न व्यवसायिक कंपनियां व शैक्षणिक संस्थान बिना अनुमति लिए अपने फायदे के लिए जगह-जगह बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगा रहे हैं। ऐसे में नगर निगम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद व्यावसायिक लाभ के लिए बिना अनुमति पोस्टर व होर्डिंग्स लगाकर शहर की सुंदरता बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाना शुरू कर दिया है। नगर निगम ने बिना अनुमति इन व्यवसायिक होर्डिंग्स लगाने वाले 3 व्यवसायिक कंपनियों के खिलाफ दो पुलिस थानों में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है, ताकि अवैध रूप से होर्डिंग्स लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। नगर निगम अधिकारियों की मानें तो कुछ व्यावसायिक लोग अपनी प्रचार सामग्री को धड़ल्ले से शहर में कहीं भी लगा रहे हैं। यह लोग प्रतिबंधित क्षेत्रों सहित शहर में विभिन्न जगहों पर प्रचार सामग्री लगाने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं, जबकि शहर में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, फ्लैक्स बोर्ड सहित किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री को लगाने के लिए नगर निगम से अनुमति लेना अनिवार्य है। जिन क्षेत्रों में चार्ज लगते हैं, वहां के लिए निर्धारित दरों से चार्ज जमा करवाना होता है, लेकिन शहर में व्यावसायिक लाभ हासिल करने के लिए लोग प्रचार सामग्री को बिना अनुमति मनमर्जी से शहर में खंभों, चौक-चौराहों या भवनों की इमारतों पर लगाकर नियमों की उल्लंघना कर रहे है। इन होर्डिंग्स के जरिए कुछ लोग लाखों रुपये की कमाई कर रहे थे, जबकि सरकार को हर महीने लाखों का राजस्व नुकसान हो रहा था। इसकी जानकारी नगर निगम को तक नहीं थी। ऐसे में नगर निगम प्रशासन ने शहर में अवैध रूप से लगे व्यवसायिक कंपनियों की विज्ञापन सामग्री को लेकर सख्त रवैया अपनाने का निर्णय लिया है।

- पहल न्यूट्रीशियन, दावत राइस मिल, ग्लैक्सी एक्सिस के खिलाफ आरोप
- उपायुक्त, पुलिस आयुक्त, नगर निगम आयुक्त, नोडल अधिकारी को भी भेजी शिकायत की प्रति



सोनीपत। जीटी रोड पर बिना अनुमति के लगा कंपनी का होर्डिंग्स।



सोनीपत। कच्चे क्वार्टर मार्केट रोड पर खंभे पर बिना अनुमति के लगा फ्लैक्स बोर्ड।

### नगर निगम ने लगाया नियमों के उल्लंघन का आरोप

नगर निगम ने शहर की खूबसूरती बिगाड़ रहे अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई की मंशा से 3 व्यवसायिक कंपनियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। इनमें पहल न्यूट्रीशियन, दावत राइस मिल, ग्लैक्सी एक्सिस शामिल है। इन कंपनियों के खिलाफ पुलिस थानों में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। अधिकारियों की माने तो मुरथल अड्डा स्थित ग्लैक्सी एक्सिस के खिलाफ सिविल लाइन थाना में शिकायत दी गई है। आरोप है कि उक्त कंपनी ने बिना अनुमति शहरभर में जगह-जगह अवैध रूप से होर्डिंग्स लगाए हैं। वहीं पहल न्यूट्रीशियन, दावत राइस मिल के खिलाफ बहालगढ़ थाना में शिकायत दी गई है। आरोप है कि पहल न्यूट्रीशियन ने बहालगढ़ चौक स्थित अपने भवन व दावत राइस मिल ने मेन जीटी रोड पर बिना अनुमति अपने होर्डिंग्स लगाकर नियमों का उल्लंघन किया है।

### अधिकारी बोले- सख्त कार्रवाई करेंगे

नगर निगम की ओर से कई बार अभियान चलाकर अवैध तरीके से लगाए गए होर्डिंग्स हटाए गए है। इसके बावजूद शहर में बिना अनुमति दोबारा होर्डिंग्स लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने व सख्त कार्रवाई अमल में लाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में 3 कंपनियों के खिलाफ पुलिस थानों में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। निगम का यह अभियान जारी रहेगा।

**-अजय निराला**, कार्यकारी अभियंता, नगर निगम, सोनीपत

### नगर सुधार मंच ने विधायक व अन्य को दी थी शिकायत

सोनीपत नगर सुधार मंच ने शहर में महापुरुषों की प्रतिमाओं व चौकों के साथ विभिन्न सड़कों पर अवैध रूप से होर्डिंग, बैनर व पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ 10 फरवरी को विधायक निखिल मदान, निवर्तमान मेयर राजीव जैन के साथ नगर निगम अधिकारियों को शिकायत दी थी। मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम के कार्यकारी अभियंता एवं नोडल अधिकारी अजय निराला ने संबंधित अधिकारियों को शहर से होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटवाने के साथ सख्त कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए हैं। इसी आधार पर निगम अधिकारियों ने संबंधित कंपनियों के खिलाफ थानों में शिकायत देने के साथ उपायुक्त, पुलिस आयुक्त, नगर निगम आयुक्त, नोडल अधिकारी को भी शिकायत की

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मीदेवी के नेत्रों से दो को मिली रोशनी

**सोनीपत।** जनता कालोनी, सिक्का कालोनी निवासी स्वर्गीय लक्ष्मी देवी हसीजा का निधन परिवार के लिए अत्यंत दुखद रहा। इस कठिन समय में आदेश कुमार हसीजा दम्पत्ति की सूझबूझ से उनकी पुत्रवधु और सुपुत्र ने मरणोपरांत नेत्रदान का निर्णय लिया। नेत्रदान की प्रेरणा महात्मा आशा नन्द वधवा हिन्दू मंच, सोनीपत के संयोजक हंस राज वधवा, महासचिव हर भगवान रहेजा तथा हरि चन्द स्नेही से मिली। परिवार ने सहर्ष स्वीकृति देते हुए तत्काल श्रॉफ नेत्र चिकित्सालय, दिल्ली की टीम को बुलाया। तकनीकी विशेषज्ञ नरेन्द्र लोहमोर व उनकी टीम ने सफलतापूर्वक प्रक्रिया पूरी की। शीघ्र ही दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिलने की आशा है। इस अवसर पर प्रकाश, सरोज सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### बकाया रुपये मांगने पर धारदार हथियार से हमला

**गोहाना।** गांव महमूदपुर में बकाया रुपये मांगने पर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक को पहले नागरिक अस्पताल गोहाना में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बीपीएस महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अमित ने पुलिस को बताया कि करीब एक माह पहले उसने अपने ही गांव के राहुल को अपनी कार बेची थी। गाड़ी के सौदे के दौरान राहुल ने 10 हजार रुपये बाद में देने की बात कही थी। राहुल ने अमित को फोन कर कहा कि वह अपने बचे हुए रुपये ले जाए। इस पर अमित अपने चचेरे भाई हिमांशु के साथ राहुल के घर पहुंचा। आरोप है कि वहां पहुंचते ही राहुल ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अचानक गंडासी से अमित के सिर पर वार कर दिया।

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उनकी 69वीं पुण्यतिथि पर याद किया गया। उनका श्रद्धांललि समारोह मुगलपुरा गोहाना के समीप शहीद मदनलाल ढींगरा स्टेडियम में आयोजित हुआ।प्राचार्य मामन शर्मा ने कहा डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के पहले राष्ट्रपति थे। वे आधुनिक भारत के प्रमुख निर्माताओं में से एक थे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने चंपारण सत्याग्रह, असहयोग और भारत छोड़ो जैसे आंदोलनों में बढ़ चढ़कर भाग लिया और लोगों को नई दिशा देने का काम किया।

## प्याऊ मनियारी के पास ठेके के पीछे मिला अधजला शव, हत्या की आशंका

**सोनीपत।** प्याऊ मनियारी के पास स्थित शराब ठेके के पीछे एक व्यक्ति का अधजली अवस्था में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कुंडली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में ले लिया। मामले की जांच हर एंगल से की जा रही है। शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि पानीपत-दिल्ली रोड पर प्याऊ मनियारी में शराब ठेके के पास एक व्यक्ति का जला हुआ शव पड़ा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच की तो व्यक्ति की उम्र करीब 40 से 45 के बीच होने का पता लगा। शव की देर शाम तक पहचान नहीं हो सकी थी। प्रारंभिक जांच में शव के पास से शराब की बोतल और पानी की बोतल बरामद हुई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।ठेके के पास मौजूद एक दुकानदार ने पुलिस को बताया कि देर रात एक व्यक्ति उसके पास पानी लेने आया था, जिसके बाद वह ठेके के पीछे की ओर चला गया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वही व्यक्ति मृतक है या नहीं।




- पुलिस ने शव कब्जे में लिया, उम्र 40 से 45 के बीच
- शराब और पानी की बोतल मिलने से मामला उलझा

### घटना की कड़ियां जोड़ने के लिए सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल भिजवाया, जहां से पोस्टमार्टम के लिए उसे खानपुर स्थित अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि घटना की कड़ी जोड़ी जा सके। थाना प्रभारी सेठी मलिक ने कहा क पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पहल न्यूट्रिशन पर फायरिंग मामले में धरपकड़ तेज, कई संदिग्धों से पूछताछ

■ पुलिस अधिकारियों का दाव, अहम सुराग हाथ लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बहालगढ़ चौक स्थित पहल न्यूट्रिशन फूड सप्लीमेंट शोरूम पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही संदिग्धों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस मामले में संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का पटाक्षेप किया जाएगा।

शुक्रवार शाम को बाइक पर सवार होकर आए तीन युवक शोरूम के अंदर पहुंचे। उन्होंने काउंटर पर बैठे अकाउंटेंट रोहित जैन को एक पर्ची थमाई और इसके बाद हथियार निकालकर गोली चलाने की कोशिश की थी। हालांकि गोली नहीं चली थी। इसके बाद बदमाश बाहर आए थे और शोरूम के शीशे पर फायर कर मौके से भाग गए थे। हमले में किसी को गोली नहीं लगी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। इलाके में सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई थी। घटना के कुछ समय बाद फेसबुक पर एक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें फायरिंग की जिम्मेदारी लेते हुए पहल न्यूट्रिशन पर नकली उत्पाद बेचने और युवाओं की सेहत से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया गया था। पोस्ट रणदीप मलिक की आईडी से डाली गई थी। जिसमें फायरिंग कराने की जिम्मेदारी रणदीप मलिक व अनिल पंडित यूएसए ने ली थी। जिसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया गया। बाद में दो युवकों ने वीडियो वायरल कर फायरिंग करना कबूल किया था। उन्होंने भी खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया था।




### रोहित के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज किया

मामले में पुलिस ने रोहित के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में संदिग्धों की पहचान के साथ उनकी धरपकड़ को लगी है। संदिग्धों से पूछताछ की गई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जल्द मामले का पटाक्षेप किया जाएगा। पुलिस को मामले में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं।

## कुंडली केएफसी के पास वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**सोनीपत।** कुंडली स्थित केएफसी के पास वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने महिला की पुत्रवधू के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दिल्ली के नरेला स्थित पुलिस कॉलोनी निवासी प्रियंका ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह दिल्ली पुलिस में कार्यरत हैं। वह शुक्रवार रात पौने दस बजे दिल्ली के छतरपुर से लौट रही थी। उन्हें किसी ने कॉल कर बताया कि उनकी सास विजय लक्ष्मी (67) कुंडली क्षेत्र में हुए हादसे में घायल हो गई हैं। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां भीड़ एकत्र थी। वह अपनी सास को लेकर नरेला के राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में पहुंचे, जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

■ सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने विजय लक्ष्मी को अस्पताल पहुंचाया, नहीं बची जान

शनिवार को प्रियंका ने शिकायत देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार करेंगे।

## रास्ता रोककर युवक पर हमला चार लोगों ने रॉड व डंडों से पीटा



गन्नौर। सीसीटीवी फुटेज में युवक पर हमला करते आरोपी।

**गन्नौर।** बेगा गांव में चार लोगों पर रास्ता रोककर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। हमले में घायल हुए युवक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में बेगा गांव में संजय ने बताया कि 24 फरवरी की रात करीब 11 बजे वह बाइक से अपने चाचा के घर से लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव में रवि, अजीत और उनकी पत्नियों ने उसे रोक लिया। विरोध करने पर अजीत ने लोहे की राड और रवि ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह गिर पड़ा। आरोप है कि इसके बाद भी आरोपितों ने जान से मारने का प्रयास किया। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने उसे बचाया। मारपीट की वारदात गली में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। हमले में घायल हुए संजय को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गन्नौर ले जाया गया, जहां से उसे खानपुर कला मेडिकल रेफर किया गया। शिकायत पर थाना गन्नौर पुलिस ने उक्त चारों हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों के चालक हड़ताल पर, स्वच्छता मित्रों ने संभाला सफाई का जिम्मा

■ कपड़ा मार्केट के सामने अस्थायी पार्किंग से कचरा साफ कर उसे किया चकाचक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों के वाहन चालकों की हड़ताल के चलते जगह जगह कूड़े के ढेर लग गए। निवर्तमान मेयर राजीव जैन शनिवार सुबह सड़क पर निकले और बस अड्डे से गीता भवन चौक एवं विवेकानंद चौक तक सफाई अभियान चलाया। जेबीएम कम्पनी के अधिकारियों से बातचीत करके कूड़े की गाड़ियां भी शुरू करवाई। स्वच्छ सुंदर एवं स्वस्थ सोनीपत अभियान के तहत 34 वें सप्ताह के अंतर्गत कार्यकर्ताओं एवं स्वच्छता मित्रों के साथ सफाई करवाई। कपड़ा मार्केट के सामने अस्थायी पार्किंग स्थल से कई गाड़ी कूड़ा उठवाया। राजीव जैन ने पार्किंग स्थल के बाहर पड़े मलबे को जेसीबी मशीन मंगवाकर उठवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल के चारों तरफ स्वच्छता संदेश देने वाले स्लोगन लिखे बोर्ड लगवाए जायेंगे।

सफाई एवं स्वच्छता अभियान में संजीव वलेचा, अधिवक्ता नकिन मेहरा, सुरेश कथूरिया, शैलेन्द्र तोमर, मंडल अध्यक्ष आरती शर्मा, विक्की शर्मा, सुनीता कालूपुर, जोगेंद्र, मुख्य सफाई निरीक्षक सतेंद्र दहिया, कृष्ण सफाई निरीक्षक एवं दुकानदारों का सहयोग रहा।

- भाजपा नेता राजीव के नेतृत्व में बस अड्डे से गीता भवन चौक तक अभियान



सोनीपत। शहर में सफाई अभियान चलाते स्वच्छता कार्यकर्ता।

## निफ्टम में मिलेट से बने उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने पर मंथन




**सोनीपत।** निफ्टम में अन्वेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन विविध तकनीकी सत्रों, उद्योग–अकादमिक संवाद और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पहलों के साथ कार्यक्रम का संचालन किया गया। अन्वेश–2026 का आयोजन इस दृष्टिकोण से किया गया है कि देश और वैश्विक स्तर पर खाद्य प्रणाली में हो रहे परिवर्तन को तकनीक, नवाचार, सततता और पोषण के उच्च मानकों के साथ आगे बढ़ाया जाए। सम्मेलन में डिजिटल खाद्य तकनीक, सप्लाई चेन आधुनिकता, खाद्य सुरक्षा और ट्रेसबिलिटी, वैकल्पिक प्रोटीन, न्यूट्रास्यूटिकल्स, अपशिष्ट प्रबंधन तथा कृषि-खाद्य उद्यमिता जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जा रहा है। दूसरे दिन की शुरुआत में आयोजित तकनीकी सत्रों में प्रख्यात वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों ने सतत और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य प्रणालियों से जुड़े नवाचार, मिलेट आधारित उत्पादों, मूल्य संवर्धन तकनीकों और फोर्टिफिकेशन रणनीतियों पर व्यापक चर्चा की गई।


KIRORIMAL PUBLIC SCHOOL
Bahalgarh - Meerut Road, Khewra, Sonipat
CBSE Affiliated English Medium, Air Conditioned, Sr. Sec. School
REQUIRES
PGT- English, Physics, Economics, Pol. Science
TGT- Hindi, English
PRT- All Teachers, NTT
Mother Teacher,
Front Desk Office Executive
No bar on Salary for deserving & Experienced Candidates.
Interested Candidates may send their CV with photograph at jobskirorimal@gmail.com with in seven days.
FREE TRANSPORT FACILITY

# होली से समझें निवेश के चटख रंग
# लाल पीला, हरा या नीला

**किस 'रंग' के एसेट में कितना पैसा लगाने से भविष्य होगा मजबूत**

**गोल्ड, इक्विटी, डेब्ट और हाई-रिस्क निवेश में उम्र के हिसाब से पैसा लगाएं**

*होली का आनंद तभी है जब हर रंग का संतुलित मिश्रण हो। ठीक वैसे ही निवेश में भी संतुलन जरूरी है। यदि आप इन चारों रंगों का सही तालमेल बिठा लेते हैं, तो आपका भविष्य आर्थिक रूप से मजबूत और सुरक्षित बन सकता है। इस होली केवल गुलाल न उड़ाएं, बल्कि अपने वित्तीय जीवन को भी नए रंग दें। अनुशासन, धैर्य और संतुलन यही है सफल निवेश का मंत्र। जब आपका पोर्टफोलियो संतुलित होगा, तभी आपका भविष्य सच में रंगीन व खुशहाल होगा।*



निवेश मंत्रा
सेंट्रल डेस्क

होली का त्योहार रंगों, उमंग और नई शुरुआत का प्रतीक है। जैसे होली के हर रंग का अपना महत्व होता है, वैसे ही निवेश की दुनिया में भी हर एसेट क्लास की अलग भूमिका होती है। अक्सर लोग निवेश को लेकर दो बड़ी गलतियां करते हैं या तो सारा पैसा सुरक्षित समझकर एफडी और बचत खाते में डाल देते हैं, या फिर तेजी के लालच में पूरा धन शेयर बाजार में लगा देते हैं। दोनों ही स्थितियां लंबे समय में संतुलित नहीं मानी जातीं। असल में मजबूत वित्तीय भविष्य का राज डायवर्सिफिकेशन यानी संतुलित निवेश में छिपा है। यदि आपके पोर्टफोलियो में पीला (गोल्ड), हरा (इक्विटी), नीला (डेब्ट) और थोड़ा सा लाल (हाई-रिस्क) रंग सही अनुपात में हो, तो आपका आर्थिक जीवन भी होली की तरह रंगीन और संतुलित बन सकता है।

### पीला रंग
## गोल्ड, सुरक्षा व स्थायित्व

भारत में सोना सिर्फ धातु नहीं, भावनात्मक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। निवेश की दृष्टि से गोल्ड को सेफ हेवन कहा जाता है। जब शेयर बाजार में गिरावट आती है, आर्थिक अनिश्चितता बढ़ती है या वैश्विक तनाव होता है, तब सोना अक्सर स्थिरता प्रदान करता है। गोल्ड का मुख्य उद्देश्य तेज रिटर्न देना नहीं, बल्कि पोर्टफोलियो को संतुलित रखना है। यह महंगाई के खिलाफ एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, कुल निवेश का लगभग 10% से 15% हिस्सा गोल्ड में होना चाहिए। इससे ज्यादा निवेश करने से ग्रोथ प्रभावित हो सकती है। आज के समय में फिजिकल गोल्ड की बजाय सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड, गोल्ड ईटीएफ या डिजिटल गोल्ड बेहतर विकल्प माने जाते हैं। इससे शुद्धता, सुरक्षा और पारदर्शिता बनी रहती है।

### हरा रंग
## इक्विटी ग्रोथ का असली इंजन

हरा रंग खुशहाली और तरक्की का प्रतीक है। निवेश में यह इक्विटी यानी शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड को दर्शाता है। यदि आपका लक्ष्य लंबी अवधि में संपत्ति बनाना है जैसे रिटायरमेंट, बच्चों की उच्च शिक्षा या वित्तीय स्वतंत्रता—तो इक्विटी से बेहतर विकल्प मुश्किल है। इतिहास बताता है कि लंबी अवधि (15–20 वर्ष) में इक्विटी ने अन्य एसेट क्लास की तुलना में बेहतर रिटर्न दिए हैं। हालांकि इसमें उतार-चढ़ाव रहता है, लेकिन समय के साथ यह अस्थिरता संतुलित हो जाती है। एक सरल फॉर्मूला यह है कि 100 में से अपनी उम्र घटाइए जो संख्या आए, उतना प्रतिशत इक्विटी में निवेश किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि आपकी उम्र 30 वर्ष है, तो लगभग 70% तक इक्विटी में निवेश संभव है (जोखिम सहने की क्षमता के अनुसार)। नए निवेशकों के लिए सीधे शेयर खरीदने की बजाय एसआईपी के माध्यम से डायवर्सिफाइड म्यूचुअल फंड में निवेश करना बेहतर रहता है। इससे बाजार के उतार-चढ़ाव का प्रभाव कम होता है और नियमित निवेश की आदत बनती है।

### नीला रंग : डेब्ट/एफडी :
## स्थिरता और भरोसा

नीला रंग शांति और संतुलन का प्रतीक है। निवेश में यह डेब्ट इंस्ट्रूमेंट्स जैसे फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), डेब्ट म्यूचुअल फंड और बॉन्ड को दर्शाता है। डेब्ट का उद्देश्य पूंजी की सुरक्षा और स्थिर रिटर्न देना है। यह उन लक्ष्यों के लिए जरूरी है जो निकट भविष्य में पूरे करने हैं, जैसे बच्चों की पढ़ाई, घर की डाउन पेमेंट या इमरजेंसी फंड। हर व्यक्ति को कम से कम 6 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड डेब्ट में रखना चाहिए। इससे अचानक नौकरी जाने, बीमारी या अन्य आर्थिक संकट की स्थिति में मदद मिलती है। डेब्ट का हिस्सा उम्र के साथ बढ़ाना समझदारी है। जैसे-जैसे रिटायरमेंट नजदीक आता है, जोखिम कम करना जरूरी हो जाता है। हालांकि एफडी सुरक्षित विकल्प है, लेकिन डेब्ट म्यूचुअल फंड या उच्च रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड भी बेहतर रिटर्न दे सकते हैं। निवेश से पहले जोखिम और टैक्स प्रभाव को समझना जरूरी है।

### लाल रंग : हाई रिस्क,
## अवसर और सावधानी

लाल रंग ऊर्जा और जोश का प्रतीक है, लेकिन निवेश में यह सावधानी का संकेत भी देता है। इसमें क्रिप्टोकरेंसी, पेनी स्टॉक्स, स्मॉल कैप के अत्यधिक अस्थिर शेयर या ट्रेंड आधारित निवेश शामिल हो सकते हैं। इनमें कम समय में बड़ा रिटर्न मिलने की संभावना होती है, लेकिन नुकसान का खतरा भी उतना ही अधिक रहता है। इसलिए इसमें कुल निवेश का 2% से 5% से अधिक हिस्सा नहीं होना चाहिए। लाल रंग को मुख्य निवेश की तरह नहीं, बल्कि प्रयोगात्मक हिस्से की तरह देखें। यदि नुकसान हो भी जाए, तो आपकी कुल वित्तीय स्थिति पर बड़ा असर न पड़े।

## उम्र के अनुसार निवेश का संतुलन

उम्र के साथ वित्तीय प्राथमिकताएं बदलती हैं। इसलिए पोर्टफोलियो का संतुलन भी समय-समय पर बदलना चाहिए।

**20–30 वर्ष :** इस उम्र में जिम्मेदारियां कम और जोखिम लेने की क्षमता अधिक होती है। लगभग 70% इक्विटी, 20% डेब्ट और 10% गोल्ड उपयुक्त हो सकता है।

**30–45 वर्ष :** परिवार और जिम्मेदारियां बढ़ती हैं। इक्विटी 50–60%, डेब्ट 25–35% और गोल्ड 10–15% तक संतुलित रखा जा सकता है।

**45–55 वर्ष :** रिटायरमेंट की योजना बनानी शुरू कर दें। इक्विटी कम कर 30–40% रखें और डेब्ट 50% तक बढ़ाएं।

**60 वर्ष के बाद :** पूंजी की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। 60–70% डेब्ट, 10–20% गोल्ड और सीमित इक्विटी पर्याप्त है।

## इस होली करें पोर्टफोलियो की सफाई

- जैसे हम होली से पहले घर की सफाई करते हैं, वैसे ही निवेश की समीक्षा भी जरूरी है।
- उन निवेशों को हटाएं जो वर्षों से खराब प्रदर्शन कर रहे हैं।
- यदि बाजार तेजी से बढ़ा है और इक्विटी का हिस्सा बहुत ज्यादा हो गया है, तो मुनाफा निकालकर डेब्ट या गोल्ड में ट्रांसफर करें।
- हर साल कम से कम एक बार री-बैलेंसिंग करें।
- छोटी राशि से भी नई एसआईपी शुरू करें। नियमित निवेश लंबी अवधि में बड़ा अंतर लाता है।
- बीमा और इमरजेंसी फंड को प्राथमिकता दें।

### ऐसे समझें महत्व

- पीला रंग देता है सुरक्षा।
- हरा रंग देता है ग्रोथ।
- नीला रंग देता है स्थिरता।
- लाल रंग देता है अवसर।

# मल्टी-एसेट फंड्स का क्रेज, गोल्ड और सिल्वर ने चमकाई निवेशकों की किस्मत

जानकारी
सेंट्रल डेस्क

भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के दौर में निवेशकों का रुख तेजी से मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स (एमएएएफएस) की ओर बढ़ा है। अस्थिर बाजार में जहां पारंपरिक इक्विटी स्कीम्स के रिटर्न दबाव में रहे, वहीं इन फंड्स ने विविध एसेट क्लास में निवेश की रणनीति से निवेशकों को बेहतर संतुलित रिटर्न दिया। ताजा उद्योग आंकड़ों के अनुसार, इस कैटेगरी का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) पिछले एक साल में 72% बढ़कर करीब 1.75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह उछाल बताता है कि निवेशक अब केवल शेयर बाजार पर निर्भर रहने के बजाय संतुलित और सुरक्षित विकल्पों की तलाश में हैं।

### गोल्ड और सिल्वर की रिकॉर्ड तेजी का असर

पिछले एक वर्ष में सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। वैल्यू रिसर्च के आंकड़ों के मुताबिक, मल्टी-एसेट फंड्स ने औसतन 23% का रिटर्न दिया, जबकि निफ्टी 50 ने इसी अवधि में लगभग 14.27% का रिटर्न दिया। इस बेहतर प्रदर्शन के पीछे प्रमुख कारण रहा कीमती धातुओं की चमक। चांदी की कीमतों में लगभग 171% और सोने में करीब 81% तक की तेजी दर्ज की गई। चूंकि मल्टी-एसेट फंड्स अपने पोर्टफोलियो में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ या संबंधित इंस्ट्रूमेंट्स शामिल करते हैं, इसलिए इनकी कीमतों में उछाल का सीधा फायदा निवेशकों को मिला।

### क्या हैं मल्टी-एसेट फंड्स?



मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स ऐसे हाइब्रिड म्यूचुअल फंड होते हैं जो कम से कम तीन एसेट क्लास में निवेश करते हैं। इनमें इक्विटी (शेयर), फिक्स्ड इनकम (बॉन्ड/डेट इंस्ट्रूमेंट) और कमोडिटी (मुख्यतः सोना और चांदी) शामिल हैं। इन फंड्स की सबसे बड़ी खासियत है ऑटोमैटिक रीबैलेंसिंग। यानी अगर शेयर बाजार बहुत तेजी से ऊपर जाता है और पोर्टफोलियो में इक्विटी का हिस्सा बढ़ जाता है, तो फंड मैनेजर मुनाफावसूली कर उस राशि को गोल्ड या डेट में शिफ्ट कर देता है। इसी तरह, यदि बाजार गिरता है तो कम कीमत पर इक्विटी बढ़ाई जाती है। इससे जोखिम संतुलित रहता है और निवेशक को बार-बार खुद निर्णय लेने की जरूरत नहीं पड़ती।

### अस्थिर बाजार में स्थिरता का सहारा

बाजार की अनिश्चितता के दौर में डायवर्सिफिकेशन (विविधीकरण) सबसे कारगर रणनीति मानी जाती है। मल्टी-एसेट फंड्स इसी सिद्धांत पर काम करते हैं। जब इक्विटी कमजोर होती है, तब डेट या गोल्ड सहारा देते हैं। वहीं तेजी के दौर में इक्विटी रिटर्न को आगे बढ़ाती है। वेल्थ मैनेजर्स का कहना है कि जिन निवेशकों के पास बाजार को लगातार ट्रैक करने का समय या अनुभव नहीं है, उनके लिए यह विकल्प बेहद उपयुक्त है। खासकर नए निवेशकों या मध्यम जोखिम लेने वालों के लिए ये फंड संतुलित रणनीति पेश करते हैं।

### टैक्स का फायदा भी बड़ा कारण

मल्टी-एसेट फंड्स की लोकप्रियता का एक बड़ा कारण टैक्स एफिशिएंसी भी है। यदि कोई निवेशक खुद शेयर बेचकर सोना खरीदता है या एसेट क्लास बदलता है, तो हर लेनदेन पर उसे कैपिटल गेन्स टैक्स देना पड़ता है। लेकिन फंड के भीतर फंड मैनेजर द्वारा की गई खरीद-फरोख्त पर निवेशक को अलग से टैक्स नहीं देना होता। यदि किसी मल्टी-एसेट फंड में इक्विटी का हिस्सा 65% या उससे अधिक है, तो वह टैक्स के लिहाज से इक्विटी फंड की श्रेणी में आता है। ऐसे में निवेशक को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स का लाभ मिलता है, जो अन्य विकल्पों की तुलना में अधिक फायदेमंद हो सकता है। यही वजह है कि टैक्स प्लानिंग के नजरिए से भी ये स्कीम आकर्षक बन रही हैं।

### किसके लिए हैं उपयुक्त?

- वे निवेशक जो मध्यम जोखिम के साथ बेहतर रिटर्न चाहते हैं
- वे लोग जिनके पास पोर्टफोलियो मैनेज करने का समय नहीं है
- रिटायरमेंट या दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए संतुलित निवेश चाहने वाले
- अस्थिर बाजार में पूंजी संरक्षण के साथ ग्रोथ चाहने वाले
- हर निवेशक की जरूरत और जोखिम क्षमता अलग होती है। इसलिए फंड चुनते समय यह देखना जरूरी है कि उसमें इक्विटी, डेट और कमोडिटी का अनुपात क्या है। कुछ फंड आक्रामक होते हैं जिनमें इक्विटी का हिस्सा ज्यादा होता है, जबकि कुछ अपेक्षाकृत रक्षात्मक रणनीति अपनाते हैं।

### क्या आगे भी बनी रहेगी चमक?

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव के माहौल में गोल्ड और सिल्वर जैसे सुरक्षित निवेश विकल्पों की मांग बनी रह सकती है। हालांकि, पिछले साल जैसी असाधारण तेजी हर साल मिले, यह जरूरी नहीं। इसलिए निवेशकों को केवल पिछले रिटर्न देखकर निर्णय नहीं लेना चाहिए, बल्कि अपने वित्तीय लक्ष्य और समयावधि के अनुसार रणनीति बनानी चाहिए।

## रिटायरमेंट के समय निवेश की बदल जाती हैं प्राथमिकताएं, महंगाई भी बड़ी चुनौती

*पूंजी को सुरक्षित रखते हुए बनाना होता है नियमित कैश फ्लो*

# सीनियर सिटीजंस के लिए म्यूचुअल फंड सबसे सुरक्षित व फायदेमंद
# रिटायरमेंट के बाद नहीं होगी कोई परेशानी, आराम से कटेगा बुढ़ापा

तैयारी
सेंट्रल डेस्क

रिटायरमेंट के बाद जिंदगी का सबसे अहम सवाल होता है क्या नियमित आय बनी रहेगी और क्या जमा पूंजी सुरक्षित रहेगी? नौकरी के दौरान हर महीने सैलरी आती है, लेकिन रिटायरमेंट के बाद वही आय पेंशन, ब्याज या निवेश पर निर्भर हो जाती है। ऐसे में सिर्फ पैसा बचाकर रखना काफी नहीं होता, बल्कि उसे समझदारी से निवेश करना जरूरी हो जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि सीनियर सिटीजंस के लिए ऐसे म्यूचुअल फंड्स बेहतर विकल्प हो सकते हैं, जो कम जोखिम के साथ स्थिर रिटर्न और नियमित आय की सुविधा दें। रिटायरमेंट के समय निवेश की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। अब लक्ष्य तेजी से पैसा बढ़ाना नहीं, बल्कि पूंजी को सुरक्षित रखते हुए नियमित कैश फ्लो बनाना होता है। साथ ही महंगाई भी एक बड़ी चुनौती है। अगर पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट या पारंपरिक फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में रखा जाए, तो महंगाई की वजह से उसकी वास्तविक क्रय शक्ति घट सकती है। इसलिए ऐसी रणनीति जरूरी है जो जोखिम को सीमित रखते हुए लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न दे सके। वित्तीय सलाहकारों के अनुसार, सीनियर सिटीजंस के लिए कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड्स, इक्विटी सेविंग्स फंड्स और बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स जैसे विकल्प संतुलित निवेश का रास्ता दिखाते हैं। इन फंड्स के साथ सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) जोड़ दिया जाए तो हर महीने नियमित आय भी सुनिश्चित की जा सकती है।



### बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्सः मार्केट के हिसाब से एसेट एलोकेशन

बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स या डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड्स बाजार की स्थिति के अनुसार इक्विटी और डेट में निवेश का अनुपात बदलते रहते हैं। जब बाजार महंगा या जोखिमपूर्ण दिखता है, तो फंड मैनेजर इक्विटी एक्सपोजर घटाकर डेट में निवेश बढ़ा देते हैं। वहीं बाजार में गिरावट के समय इक्विटी हिस्सा बढ़ाया जाता है। इस रणनीति का फायदा यह है कि निवेशक को बाजार के समय का अनुमान लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। फंड मैनेजर खुद जोखिम को मैनेज करता है। रिटायरमेंट के बाद ऐसे फंड्स निवेशकों को अपेक्षाकृत कम उतार-चढ़ाव के साथ लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देने का प्रयास करते हैं।

### किन बातों का रखें ध्यान?

हालांकि ये फंड्स अपेक्षाकृत कम जोखिम वाले माने जाते हैं, फिर भी निवेश से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है

**जोखिम प्रोफाइल समझेंः** हर व्यक्ति की जोखिम लेने की क्षमता अलग होती है।

#### एसेट एलोकेशन तय करें

- **आपातकालीन फंड रखें :** कम से कम 6 से 12 महीने का खर्च लिक्विड फंड या सेविंग अकाउंट में रखें।
- **टैक्स प्लानिंग करें :** निकासी और कैपिटल गेन पर लगने वाले टैक्स को समझें।
- **वित्तीय सलाह लें :** किसी प्रमाणित वित्तीय सलाहकार से सलाह लेना फायदेमंद हो सकता है।

### कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड्स : सुरक्षा के साथ सीमित ग्रोथ

रिटायर्ड निवेशकों के लिए कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड्स एक लोकप्रिय विकल्प बन रहे हैं। इन फंड्स में आमतौर पर 75 से 90 प्रतिशत हिस्सा डेट इंस्ट्रूमेंट्स जैसे सरकारी बॉन्ड, कॉर्पोरेट बॉन्ड और अन्य फिक्स्ड इनकम साधनों में निवेश किया जाता है। बाकी 10 से 25 प्रतिशत हिस्सा इक्विटी में लगाया जाता है। डेट हिस्से की वजह से पोर्टफोलियो में स्थिरता बनी रहती है, जबकि सीमित इक्विटी एक्सपोजर महंगाई से मुकाबला करने में मदद करता है। यही वजह है कि जोखिम लेने से बचने वाले सीनियर सिटीजंस के लिए ये फंड्स एफडी की तुलना में बेहतर रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं, साथ ही उतार-चढ़ाव भी नियंत्रित रहता है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि ये भी बाजार आधारित उत्पाद हैं। इनमें रिटर्न की गारंटी नहीं होती, लेकिन लंबे समय में संतुलित प्रदर्शन देखने को मिला है।

### इक्विटी सेविंग्स फंड्स : संतुलन और टैक्स एफिशिएंसी

इक्विटी सेविंग्स फंड्स उन वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपयुक्त माने जाते हैं, जो 3 से 5 साल की मध्यम अवधि के लिए निवेश करना चाहते हैं। इन फंड्स की खासियत यह है कि ये इक्विटी, डेट और आर्बिट्राज रणनीति के बीच संतुलन बनाते हैं। आर्बिट्राज का मतलब है बाजार के अलग-अलग सेगमेंट में कीमतों के अंतर का फायदा उठाना। इससे फंड को अपेक्षाकृत कम जोखिम के साथ रिटर्न कमाने का मौका मिलता है। चूंकि ये फंड्स इक्विटी कैटेगरी में आते हैं, इसलिए टैक्सेशन के लिहाज से भी निवेशकों को फायदा मिल सकता है। प्योर इक्विटी फंड्स की तुलना में इनका उतार-चढ़ाव कम होता है। यही कारण है कि जो सीनियर सिटीजंस पूरी तरह इक्विटी में निवेश नहीं करना चाहते, लेकिन एफडी से थोड़ा ज्यादा रिटर्न चाहते हैं, उनके लिए यह एक संतुलित विकल्प हो सकता है।

### एसडब्ल्यूपी : पेंशन जैसा नियमित कैश फ्लो

सिर्फ निवेश करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उससे नियमित आय निकालने की व्यवस्था भी जरूरी है। यहां सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। एसडब्ल्यूपी के तहत निवेशक एकमुश्त राशि किसी हाइब्रिड या बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में लगाते हैं और फिर हर महीने एक निश्चित रकम निकालते रहते हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी वरिष्ठ नागरिक ने 20 लाख रुपये निवेश किए हैं और वे हर महीने 15,000 रुपये निकालना चाहते हैं, तो एसडब्ल्यूपी के जरिए यह संभव है। शेष राशि बाजार में निवेशित रहती है और संभावित रूप से बढ़ती भी रहती है। इस तरह निवेशक को पेंशन जैसी नियमित आय मिलती है और पूंजी भी धीरे-धीरे खत्म होने के बजाय काम करती रहती है। एसडब्ल्यूपी का एक बड़ा फायदा यह भी है कि यह वित्तीय अनुशासन बनाए रखता है। निवेशक जरूरत से ज्यादा रकम नहीं निकालते और लंबी अवधि तक फंड बना रहता है।



# सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट के लिए क्यों बढ़ रहा पैसिव फंड्स का क्रेज?

बचत
सेंट्रल डेस्क

क्या आप भी आईटी या बैंकिंग सेक्टर की तेजी का फायदा उठाना चाहते हैं, लेकिन स्टॉक चुनने में उलझे हैं? तो आप अकेले नहीं हैं। बदलते निवेश ट्रेंड्स के बीच, अब निवेशकों के लिए एक स्मार्ट और आसान तरीका सामने आया हैः पैसिव म्यूचुअल फंड्स। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) के अनुसार, पैसिव फंड्स अब सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट को बेहद आसान बना रहे हैं, और इसने निवेशकों के बीच इसका क्रेज तेजी से बढ़ाया है। इस लेख में हम जानेंगे कि पैसिव फंड्स की बढ़ती लोकप्रियता के पीछे क्या कारण हैं और कैसे यह निवेशकों को सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट में एक बेहतरीन विकल्प दे रहे हैं।

### पैसिव फंड्स की बढ़ती लोकप्रियता

आज के निवेश माहौल में, जहां अनिश्चितताएं और बाजार के उतार-चढ़ाव सामान्य हो गए हैं, निवेशक अपनी निवेश रणनीतियों को सरल, सस्ते और सुरक्षित बनाने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पैसिव फंड्स का एक प्रमुख लाभ यह है कि ये कम लागत, अच्छी पारदर्शिता, और कम जोखिम के साथ निवेश के एक बेहतरीन तरीके के रूप में उभर रहे हैं। पैसिव म्यूचुअल फंड्स अब निवेशकों के लिए एक बहुत ही आकर्षक विकल्प बन चुके हैं। ये न केवल सस्ते होते हैं, बल्कि सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट को भी आसान और सुरक्षित बना रहे हैं। पहले जहां किसी विशेष सेक्टर में निवेश करने के लिए काफी रिसर्च और स्टॉक चयन की आवश्यकता होती थी, वहीं पैसिव फंड्स ने इसे सरल बना दिया है। इंडेक्स फंड्स और ईटीएफ के माध्यम से, निवेशक अब आसानी से किसी भी सेक्टर की ग्रोथ का फायदा उठा सकते हैं, चाहे वह आईटी, फार्मा, बैंकिंग, या कोई और सेक्टर हो।

### सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट क्यों है आसान?

पैसिव फंड्स का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह सीधे किसी इंडेक्स को फॉलो करता है, जैसे कि निफ्टी आईटी, निफ्टी बैंक, या निफ्टी फार्मा। इन फंड्स का मैनेजर केवल उस इंडेक्स में मौजूद स्टॉक्स में निवेश करता है, जैसा कि इंडेक्स में निर्धारित होता है। इससे निवेशक को स्टॉक्स के चयन में होने वाली गलती से बचने का फायदा मिलता है। माना कि आप मानते हैं कि आईटी सेक्टर आने वाले समय में अच्छा प्रदर्शन करेगा। अब, अगर आप इस सेक्टर में निवेश करना चाहते हैं, तो पहले आपको उसके कुछ प्रमुख स्टॉक्स का चुनाव करना पड़ता था। लेकिन अब पैसिव फंड्स के जरिए आप बिना किसी जोखिम के पूरे आईटी सेक्टर में निवेश कर सकते हैं। इसका मतलब है कि आप उस सेक्टर के सारे स्टॉक्स में निवेश कर रहे होते हैं, न कि केवल कुछ चुने हुए स्टॉक्स में। इससे, किसी एक स्टॉक के गलत चुनाव से होने वाले नुकसान का खतरा भी कम हो जाता है, आप पूरी इंडस्ट्री की ग्रोथ में शामिल होते हैं।

### कम लागत और पारदर्शिता का फायदा

अन्य कारण जो पैसिव फंड्स को निवेशकों के बीच अधिक लोकप्रिय बना रहा है, वह है इनकी कम लागत व पारदर्शिता। पैसिव फंड्स का एक्सपेंस रेशियो एक्टिव फंड्स के मुकाबले काफी कम होता है, जो निवेशक के लॉन्ग-टर्म रिटर्न पर सकारात्मक असर डालता है। पैसिव फंड्स में निवेशक को स्पष्ट रूप से पता होता है कि उनका पैसा किस-किस स्टॉक में निवेशित है, क्योंकि ये फंड्स किसी विशेष इंडेक्स का अनुसरण करते हैं। उदाहरण के लिए, निफ्टी आईटी इंडेक्स में जो 10-15 स्टॉक्स शामिल हैं, वे सभी पैसिव फंड में भी मौजूद होते हैं। इस पारदर्शिता की वजह से निवेशकों को ये फंड्स अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित लगते हैं। यही कारण है कि ये छोटे और नए निवेशकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन चुके हैं।

### सेक्टोरल कॉल्स लेने में रिस्क मैनेजमेंट

हालांकि, सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट में जोखिम हमेशा रहता है। किसी एक सेक्टर पर अधिक निर्भरता कभी भी नुकसानदायक हो सकती है, अगर वह सेक्टर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न करे। लेकिन पैसिव फंड्स के जरिए इस रिस्क को बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सकता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का मानना है कि पैसिव फंड्स के जरिए निवेशक अपने पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई कर सकते हैं। सेक्टोरल फंड्स, जैसे कि आईटी, बैंकिंग, या फार्मा, इन क्षेत्रों में उछाल आने पर अच्छा रिटर्न देते हैं। इन फंड्स में निवेश करने से निवेशक उस पूरे सेक्टर के लाभ का पूरा फायदा उठा सकते हैं। साथ ही, इन फंड्स में लिक्विडिटी भी अच्छी होती है, यानी निवेशक अपनी स्थिति के हिसाब से आसानी से अपने निवेश को भुना सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर बैंकिंग सेक्टर में तेजी आती है और आपको लगता है कि यह काफी समय तक बढ़ेगा, तो आप बैंकिंग पैसिव फंड्स में निवेश कर सकते हैं। यदि किसी सेक्टर में गिरावट आती है, तो आप अपने निवेश को बदल सकते हैं और दूसरी सेक्टरल फंड में ले सकते हैं।

### पैसिव फंड्स का भविष्य

आज के निवेशकों के लिए, जिनके पास समय की कमी है और जो रिसर्च या स्टॉक चयन में उलझना नहीं चाहते, पैसिव फंड्स एक बेहतरीन समाधान हो सकते हैं। इन फंड्स में निवेश करने के द्वारा, निवेशक सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट का फायदा उठाते हुए कम लागत में अधिक पारदर्शिता और सुरक्षित तरीके से निवेश कर सकते हैं। यही कारण है कि ये फंड्स अब निवेशकों के बीच एक लोकप्रिय विकल्प बन चुके हैं। वहीं, जैसे-जैसे बाजार और निवेश की दुनिया में बदलाव हो रहा है, पैसिव फंड्स का महत्व और बढ़ने की संभावना है। यह उन निवेशकों के लिए अच्छा विकल्प है जो आर्थिक बदलावों का फायदा उठाना चाहते हैं, लेकिन जोखिम से बचना भी चाहते हैं।

### इन्वेस्टमेंट को बेहद आसान

पैसिव फंड्स ने निवेशकों के लिए सेक्टोरल इन्वेस्टमेंट को बेहद आसान और सुरक्षित बना दिया है। पहले जहां निवेशक को सेक्टोरल स्टॉक्स के चयन में काफी रिसर्च करनी पड़ती थी, वहीं अब पैसिव फंड्स ने इस काम को आसान बना दिया है। इसके जरिए निवेशक किसी भी खास सेक्टर में निवेश कर सकते हैं। कम लागत, पारदर्शिता व बेहतर रिस्क मैनेजमेंट की वजह से पैसिव फंड्स अब निवेशकों की पहली पसंद बन रहे हैं। चाहे आप आईटी सेक्टर में निवेश करना चाहते हों या बैंकिंग सेक्टर की तेजी का फायदा उठाना चाहते हों, पैसिव फंड्स आपको इसे सरल और प्रभावी तरीके से करने का मौका दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं को टीकाकरण संबंधी फायदे बताए

**सोनीपत।** मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वमावि में शनिवार को उपायुक्त सुशील सारवान के नेतृत्व में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीकाकरण अभियान को छात्राओं की मदद से अभिभावकों तक पहुंचाना रहा। जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुमन बाला शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, स्वास्थ्य विभाग से उप सिविल सर्जन डॉ. नीरज यादव ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

### मनोदेव इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**खरखौदा।** पिपली-खरखौदा मार्ग पर स्थित मनोदेव इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पारंपरिक खेलों में खो-खो और कबड्डी के मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे। खिलाड़ियों ने टीम भावना और फुर्ती का प्रदर्शन किया। दौड़ प्रतियोगिताओं में फ्रॉग रेस, हर्डल रेस, रिले रेस और संतुलन दौड़ का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की फ्रॉग रेस ने सभी का मन मोह लिया।

### लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका बताई

**सोनीपत।** राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं संसदीय कार्यप्रणाली के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से एक निजी विश्वविद्यालय में यूथ पार्लियामेंट का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने विद्यार्थियों को प्रभावी वक्तृत्व कला के गुर सिखाते लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### यूथ पार्लियामेंट में जीवीएम कन्या महाविद्यालय छाया

**सोनीपत।** जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की पांच छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राओं ने जिला स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। प्रथम स्थान अलंकृता त्यागी (एमए भूगोल), पांचवां स्थान अपूर्वा (बीएससी मेडिकल अंतिम वर्ष) तथा छठा स्थान निकिता (बीए भूगोल ऑनर्स द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया छात्राओं की इस उपलब्धि से कॉलेज परिवार में खुशी का माहौल है।

### नवनिर्मित स्टेज का उद्घाटन किया

**गोहाना।** गांव गढ़ी सराय नामदार खां के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में शानिवार को नवनिर्मित स्टेज का उद्घाटन किया गया। स्टेज का निर्माण समाजसेवी सुल्तान सिंह सैनी व उनके परिवार के सदस्यों मेहर सिंह सैनी, पुनीत सैनी, केला देवी और बीरमति देवी द्वारा अपने माता-पिता खजानी देवी एवं ग्यासी राम सैनी की पुण्यस्मृति में करवाया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः हवन से की गई। मुख्य अतिथि नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्स रजनी विरमानी व खंड शिक्षा अधिकारी गोहाना राजेंद्र सिंह सांगवान रहे।

### विकास मोर व नितिन की टीम बनी विजेता

**गोहाना।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राजकीय महाविद्यालय बड़ौता के रसायन विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में विभाग के भावी वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की।
प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सात टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष से विकास मोर और बीएससी द्वितीय वर्ष से नितिन दूहन की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। बीएससी प्रथम वर्ष से आर्यन और अनुज की टीम दूसरे और बीएससी प्रथम वर्ष से तंश और शुभम की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने की।

## 700 मंत्रों की विभिन्न सामग्री से नवचंडी महायज्ञ में दी आहुति

**श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में चल रहे वार्षिक उत्सव का आठवां दिन**

# रामकथा में लंका दहन, अंगद रावण संवाद का सुनाया प्रसंग



सोनीपत। श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में श्री रामकथा के बाद आरती करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हलवाई हट्टा स्थित श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में चल रहे वार्षिक उत्सव श्री रामकथा एवं नवचंडी महायज्ञ का शनिवार को आठवां दिन रहा। कथाव्यास एवं श्रीराम कृष्ण साधना केंद्र, मुरथल के संस्थापक 1008 स्वामी डॉ. दयानंद सरस्वती यति महाराज ने लंका दहन, अंगद रावण संवाद के प्रसंग का वर्णन किया।

स्वामी डॉ. दयानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि प्रभु श्रीराम की आज्ञा पाकर हनुमान जी ने लंका में जाकर माता सीता की खोज की। लंका में रावण की सेना को प्रभु की शक्ति का आभास करवाकर लंका दहन किया। इसके बाद श्रीराम को सीता माता का संदेश सुनाया। इसके बाद श्रीराम की सेना ने समुद्र पर पुल बनाकर लंका पर चढ़ाई की। अंगद ने दूत बनकर लंका में लंकापति को माता सीता को आदर सहित श्रीराम के वापस भेजना का आह्वान किया। कथा के पश्चात आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद पंडित अमित शौनक व राजेश शौनक ने रात 9 बजे मंत्रोच्चारण के साथ नवचंडी महायज्ञ करवाया। जिसमें दुर्गा सप्तसती के 700 मंत्रों की विभिन्न सामग्री से हवन में आहुति दी गई। यजमान के रूप में प्रमोद गुप्ता, अमित शर्मा, गौरव गोयल, तरुण शर्मा, प्रवीण, वंश कुच्छल, गोलू शौनक, अक्षत गोयल ने दिव्य हवन में आहुति दी। कार्यक्रम में मंदिर समिति के प्रधान महेश गोयल, अशोक गोयल, ऋषभ, तरुण गोयल, गोलू शौनक, अशोक गौतम मौजूद रहे।




सोनीपत। श्रीमद्भागवत कथा में अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते कथाव्यास आचार्य जितेंद्र शास्त्री।

## भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, राजा परीक्षित मोक्ष, शुकदेव की विदाई के प्रसंग का वर्णन

**सोनीपत।** क्षेत्र की सुख-शांति के लिए कैलाश कॉलोनी शांति विहार स्थित शादीपुर चौपाल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शनिवार को सातवां दिन रहा। उत्तराखंड से कथाव्यास आचार्य जितेंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, राजा परीक्षित मोक्ष, शुकदेव की विदाई के प्रसंग का वर्णन किया। कथाव्यास ने श्रद्धालुओं के साथ भागवत पूजन कर कथा की शुरुआत की। मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान मेयर राजीव जैन व एसीपी निधि नैन ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, नैतिकता व संस्कारों का संचार होता है। आचार्य जितेंद्र शास्त्री ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को अद्वितीय व आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करती है, जो भक्तों के जीवन में स्थायी छाप छोड़ती है। श्रीमद्भागवत में सभी ग्रंथों का सार है। कथा का श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं पर भगवान की सीधी कृपा होती है। सद्कर्म के बाद ही मन में भागवत कथा सुनने की इच्छा जागृत होती है। कथा के क्षेत्र के श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कन्या महाविद्यालय के कर्मियों को महीनों से नहीं मिला वेतन

- सीएम तो कभी उच्चतर शिक्षा निदेशालय चक्कर लगा रहे
- अध्ययनरत छात्राओं की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

पिछले वर्ष खरखौदा कन्या महाविद्यालय को सरकारी कॉलेज का दर्जा दिया गया था। कैबिनेट में मंजूरी के बाद कॉलेज को सरकार द्वारा टेक ओवर तो किया गया। लेकिन प्रोसेस की गति इतनी धीमी है कि पिछले 7 महीने में न तो स्टाफ को पक्का किया है और ना ही उन्हें वेतन मिला है। जिसके चलते कर्मचारियों का आर्थिक संकट गहरा गया है। वे कभी सीएम तो कभी उच्चतर शिक्षा निदेशालय चक्कर लगा रहे हैं, कई बार विधायक पवन खरखौदा से मिल चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो सका है। और तो और कॉलेज को स्थाई प्रिंसीपल मिल पाया है। जिसके कारण कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

### 78 कर्मचारियों को सात महीने से वेतन नहीं

खरखौदा कन्या महाविद्यालय का कुल स्टाफ 78 बताया गया है। जिसमें से 30 पोस्ट पक्की हैं, जिनमें 18 टीचिंग और 12 नॉन टीचिंग स्टाफ है। इसके अतिरिक्त बाकी स्टाफ एस.एफ.एस स्कीम व मैनेजमेंट अप्रूवड है। जिसमें टीचिंग, नॉन टीचिंग व डी ग्रुप के कर्मचारी शामिल है। सभी का 7 महीने से वेतन अटकने के कारण उनकी जीवनयापन प्रभावित हो रहा है।

### विधानसभा में फिर उठाया मुद्दा

विधायक पवन खरखौदा ने विधानसभा में कन्या महाविद्यालय की मांग को उठाया है कि सभी कर्मचारियों के दस्तावेज वैरीफाई करते हुए उनका वेतन जारी किया जाए। प्रोसेस में तेजी लाई जाए व सभी कर्मचारियों को पक्का किया जाए।

### कॉलेज का नामकरण किया, फिर 24 घंटे में आदेश वापस लिया

खरखौदा कन्या महाविद्यालय का नाम देश की प्रथम महिला शिक्षक सावित्री बाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय के नाम करने के आदेश जारी किए गए थे। लेकिन 24 घंटे में ही उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने आदेश वापस ले लिए हैं। जबकि नगरपालिका में इस आशय का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुआ था।

### नियमों के अनुसार कर्मी होंगे नियमित : डीजी

उच्चतर शिक्षा निदेशक एस. नारायणन ने स्पष्ट किया है कि सरकार के नियमों के मुताबिक ही पोस्टों पर कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा। एक कर्मी का नाम विज्ञापन में रह गया था। जिनका प्रोसेस चला हुआ है। जल्द ही विज्ञापन फिर जारी होगा। संबंधित कर्मियों के वेतन संबंधी शिकायतें भी उनके पास आई है। उसके बारे में भी कार्रवाई की जा रही है।

- एस. नारायणन, महानिदेशक उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा।

## सामूहिक भक्ति और सेवा भावना से समाज में आपसी भाईचारा मजबूत : माईराम कौशिक

- गांव नाहरी स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम व विशाल भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



राई। भाजपा नेता माईराम कौशिक बाबा मंदिर के धार्मिक कार्यक्रम में बोलते हुए।

गांव नाहरी स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। भाजपा जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के भाई एवं वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक ने शिरकत की। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना-जाना लगा रहा। भजन-कीर्तन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। भाजपा नेता माईराम कौशिक ने मंदिर में मत्था टेककर प्रदेश व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। माईराम कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक भक्ति और सेवा भावना से समाज में आपसी भाईचारा मजबूत होता है। ग्रामीणों द्वारा किए गए इस आयोजन की सराहना करते कहा कि धार्मिक परंपराओं को जीवित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सरपंच महेश ने भी गांववासियों के सहयोग से सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद का होली महोत्सव कल

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद के सौजन्य से 2 मार्च सोमवार को सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक भवन में होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में परिषद से जुड़े वरिष्ठ नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। समारोह के दौरान फरवरी माह में जन्मे वरिष्ठ सदस्यों का सामूहिक जन्मदिन भी संयुक्त रूप से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोनीपत के विधायक निखिल मदान शिरकत करेंगे। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य स्थानीय नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। आयोजन के दौरान होली महोत्सव के साथ-साथ विभिन्न खेलकूद गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वरिष्ठ सदस्यों को उपहार और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। परिषद के प्रधान बलदेव राज आहुजा की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न होगा।

## सीपीएस जनरल नॉलेज ओलंपियाड में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- सभी विजेता विद्यार्थियों को मेडल के साथ प्रमाणपत्र प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



राई। शानदार प्रदर्शन के बाद छात्र प्रधानाचार्य के साथ। फोटो : हरिभूमि

ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीपीएस जनरल नॉलेज ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता के परिणाम विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण रहे। विद्यार्थियों ने कुल 37 पदक अर्जित किए, जिनमें 26 स्वर्ण, 7 रजत तथा 4 कांस्य पदक शामिल हैं। सभी विजेता विद्यार्थियों को मेडल के साथ प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान निदेशक योगराज भारद्वाज ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सामान्य ज्ञान व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे परिणाम अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेंगे।



सोनीपत। विधायक को ज्ञापन सौंपते हुकट के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि।

### हुकटा प्रतिनिधिमंडल ने विधायक का जताया आभार

**सोनीपत।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रतिनिधिमंडल ने सोनीपत के विधायक निखिल मदान का सदन में विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों की जॉब सिक्योरिटी का मुद्दा उठाने पर आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया तथा आगामी कार्यवाही को टाइमबाउंड करवाने के लिए उनके निवास पर ज्ञापन सौंपा। विधायक निखिल मदान ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सरकार कॉलेज, स्कूल एवं पॉलिटेक्निक के अनुबंधित शिक्षकों की भांति विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों को भी शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा के सदन में दिए गए जवाब के अनुसार शीघ्र सेवा–सुरक्षा प्रदान करेगी। उन्होंने संगठन को भरोसा दिलाया कि वे मुख्यमंत्री एवं उच्च अधिकारियों से मुलाकात करवाकर प्रक्रिया को समयबद्ध करवाने हेतु हर संभव सहयोग एवं प्रयास करेंगे।

## विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने गोरड़ में रखी लाइब्रेरी की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

उप मंडल के गांव गोरड में लाइब्रेरी की आधारशिला रखी गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व विधायक पवन खरखौदा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार 24 घंटे चुनावी मोड में रहकर जनता की सेवा करने का कार्य कर रही है। क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। कहा कि क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। पहले की सरकारों में क्षेत्रवाद का नारा दिया जाता था। परंतु भाजपा की नीति और नियत में क्षेत्रवाद नहीं संपूर्ण प्रदेश का हर कोना-कोना बीजेपी का अपना है। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि गांव की सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। केंद्र व प्रदेश सरकार के खजाने लबालब भरे हैं।



गली निर्माण का शुभारंभ करते विधायक पवन खरखौदा।

विकास कार्यों की डिमांड लाओ और काम करवाओ। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीन इंजन की सरकार है तो तीन गुनी रफ्तार से क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

### विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा प्रथम से तृतीय तक के विद्यार्थियों हेतु खेल दिवस का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेमन स्पून रेस, थ्री लेग्ड रेस, बॉल बैलेंसिंग रेस, रैबिट रेस, फ्रॉग रेस, बैटन रेस आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं खेल भावना के साथ भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा एवं निदेशक दीपक ने विद्यार्थियों को बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।



सोनीपत। सरस्वती स्कूल में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्यालय निदेशक दीपक साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि

**सामाजिक मुद्दों को लेकर गांव सिसाना में खापों की बैठक**

# खाप प्रतिनिधियों ने सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



खरखौदा। पंचायत में भागीदारी करते खाप प्रधान। फोटो : हरिभूमि

ओल्ड रोहतक का हिस्सा रहे जिला सोनीपत, झज्जर व दिल्ली सूबा खापों की तीसरी मासिक पंचायत में सिसाना हुई। पंचायत की अध्यक्षता दहिया खाप प्रधान चौधरी जयपाल दहिया ने की। जिसमें खाप प्रतिनिधियों ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने के संकल्प को दोहराया। समाज की सभी अग्रणीय खापों के प्रधान,तपों के प्रधान व खाप प्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सामाजिक मुद्दों पर, समाज में व्याप्त कुरीतियों को सामूहिक प्रयास से दूर करने के लिए,पर्यावरण संरक्षण के लिए,युवा पीढ़ी को नशे के बचाए रखने के लिए, शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तथा उनमें नैतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए ओर सामाजिक ताने बाने को बनाए रखने के साथ साथ सभी सामाजिक ज्वलंत मुद्दों पर परिचर्चा की। समाज की रीढ़ खापों की मान प्रतिष्ठा को सुचारु बनाए रखने के लिए सभी बुद्धिजीवियों ने गहरा मंथन किया और हर महीने समाज हित में लिए लिये जाने वाले फैसलों को धरातल पर अमलीजामा पहनाने तथा उनकी निरन्तर मॉनिटरिंग करने के लिए हर महीने निरन्तर मीटिंग रखें जाने की जरूरत पर बल दिया, ताकि आवश्यक सामाजिक सुधार के कार्य जारी रखे जा सके। पंचायत का सफल संचालन दहिया खाप निर्देशानुसार चौधरी संदीप सहरावत बिरोहड राष्ट्रीय संयोजक सहरावत खाप व नंबरदार अनिल देशवाल लाढ़ौत प्रवक्ता देशवाल खाप द्वारा किया गया। मीटिंग में पारित प्रस्तावों को अधिवक्ता वजीर सहरावत बक्करवाला ने सूचीबद्ध किया। इस मुहिम की अगली पंचायत 28 मार्च को देशवाल खाप चबूतरा लाढ़ौत में होगी।

### ये रहे मौजूद

पंचायत में बालिस्टर सांगवान प्रधान सांगवान खाप उत्तर प्रदेश, पालम 360 प्रधान सुरेन्द्र सोलंकी, सहरावत खाप से राष्ट्रीय प्रधान मूलचंद सहरावत हिरण कूदना, युवा प्रधान विकास उर्फ विक्की सहरावत भैंसरु खुर्द, वरिष्ठ सलाहकार सूरजभान सहरावत, तालमेल कमेटी प्रमुख चौधरी मुख्तियार सहरावत बक्करवाला, सतबीर नंबरदार गहलावत खाप, पलवल सहरावत पाल से सीता राम सहरावत टिकारी ब्राह्मण, धर्मसिंह सहरावत, सुरेन्द्र सहरावत, विनय सहरावत सहीपुर, भैंसरु खुर्द चबूतरा निर्माण कमेटी से कुलदीप सहरावत, चौधरी नसीब सिंह सहरावत, नरवाल खाप प्रधान भले राम नरवाल व कोषाध्यक्ष अजमेर नरवाल, अहलावत खाप प्रधान जयसिंह अहलावत डीघल, कादियान खाप प्रधान राजपाल कादयान व सुखचंद कादियान सचिव कादयान, जाखड़ खाप के पांचों तपों के प्रधान जयदीप झाड़ली झांसवा तपा, सुनील जाखड़ तपा प्रधान, नरेन्द्र जाखड़, नीरज चाहार सिलाना, दलाल खाप प्रवक्ता कैप्टन मान सिंह दलाल युवा शक्ति से विश्वदीप दलाल, देशवाल खाप प्रधान व ओल्ड रोहतक कॉर्डिनेटर चौधरी संजय देशवाल, विनोद जटराणा प्रधान कुण्डल, सरोहा खाप प्रधान सतीश सरोहा व उपप्रधान रोहतास राणा, अशोक खत्री संरक्षक जटवाड़ा खाप 360 सोनीपत, कुंडू खाप प्रधान जयबीर कुंडू , कलकल खाप प्रधान राजपाल कलकल, गठवाला खाप प्रधान कुलदीप मलिक, बिरोहड बाहरा खाप प्रतिनिधि, राठी खाप प्रधान डॉ रणबीर राठी, आजाद सिंह प्रधान ईस्माइला 14 व प्रधान राजा खत्री इस्माइला, हुड्डा खाप प्रवक्ता जगवंत हुड्डा आदि मौजूद रहे।

### टीम ने आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया

**सोनीपत।** केंद्र सरकार की युवा आपदा मित्र स्कीम के तहत हरियाणा स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स की टीम द्वारा आपदा प्रबंधन से जुड़े प्रशिक्षण का आयोजन भारत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स) मोहाना में किया गया। जिसमें माई भारत की तरफ से 150 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस दौरान स्वयंसेवकों को आपातकालीन परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता, प्राथमिक उपचार, बचाव तकनीक और सुरक्षा उपायों की जानकारी का आकलन किया गया। हरियाणा स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स टीम के अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अधिकारी विनीत कादियान ने कहा कि स्वयंसेवकों को आपदा के समय घबराने के बजाय समझदारी और साहस के साथ कार्य करने के लिए तैयार करना है।

## खबर संक्षेप

### नारा लेखन प्रतियोगिता में काजल रही प्रथम

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुमन रानी के द्वारा मेक इन इंडिया शीर्षक पर पोस्टर मेकिंग तथा कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी नीरा व सदस्य विनोद मलिक के द्वारा मानव अधिकारों के संरक्षण विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता हमारे देश की औद्योगिक आत्मनिर्भरता को रेखांकित करती हैं। साथ ही विद्यार्थियों के मानसिक विकास को भी प्रोत्साहित करती हैं। नारा लेखन प्रतियोगिता में काजल बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, अंजलि बीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा गौरव बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### गुरुकुल की पत्रिका शिखर का विमोचन

**खरखौदा।** गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मटिण्डू में विद्यालय की वार्षिक पत्रिका शिखर का गरिमामय विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ तथा मुख्य अतिथि गवर्नमेंट कॉलेज जुलाना के पूर्व प्रधानाचार्य बलजीत सिंह व विद्यालय प्रशासन द्वारा पत्रिका का औपचारिक विमोचन किया गया। यह पत्रिका विद्यार्थियों के साहित्यिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास को नई दिशा प्रदान करती है।

## बोर्ड परीक्षा: 10वीं हिंदी की परीक्षा में 279 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

# आर्य वरिष्ठ विद्यालय और राजकीय स्कूल में दो छात्र नकल करते पकड़े

- उड़नदस्ता टीम ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया
- परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 लागू रही, दिखी सख्ती

जिलेभर में कक्षा 10वीं के पंजीकृत 15705 विद्यार्थियों में से 15426 परीक्षार्थियों ने दी हिंदी की परीक्षा जिले में एचबीएसई व सीबीएसई की कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी, प्रशासन व शिक्षा विभाग सख्त, उड़नदस्ता टीम लगातार सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। एचबीएसई की ओर से शनिवार को 71 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 10वीं की हिंदी विषय की परीक्षा ली गई। सभी केंद्रों पर 10वीं कक्षा के 15705 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 15426 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 279 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों व उड़नदस्ता की टीम ने तीसरे दिन भी जिले में दो परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान दो विद्यार्थियों को नकल करते काबू किया। इसके अलावा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में विद्यार्थियों ने हिंदी विषय की परीक्षा दी। वहीं सीबीएसई की ओर से बनाए केंद्रों पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने रसायन शास्त्र और 10वीं के विद्यार्थियों ने संस्कृत व अरेबिक विषय की परीक्षा दी।इस दौरान विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र का मिलान कर जांच की गई। साथ ही परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 लागू रही। परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों का प्रवेश सुबह 11:30 बजे प्रारंभ हो गया था। इस दौरान एडमिट कार्ड, पहचान पत्रों की गहनता से जांच के बाद उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। केंद्र के प्रवेश द्वार पर कड़ी जांच के बाद विद्यार्थियों को अंदर प्रवेश दिया गया।


सोनीपत के गीता भवन चौक स्थित बने परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### नकलचियों पर लगाम कसने के लिए प्रशासन सख्त

शिक्षा अधिकारियों सहित उड़नदस्ता टीमें संभाल रही मोर्चा इस वर्ष जिले में एचबीएसई के तहत 31104 तो सीबीएसई के अंतर्गत 20800 विद्यार्थी परीक्षाएं देकर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। बोर्ड की परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करने के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। नकलचियों पर लगाम कसने के लिए प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारी सहित उड़नदस्ता की टीमें दिनभर मोर्चा संभाले नजर आईं। अधिकारियों ने उड़नदस्ता की टीमों के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा बाहरी हस्तक्षेप रोकने के लिए केंद्रों के प्रवेश द्वार पर पुलिस बल तैनात रहा।

### नकल रोकने को 7 उड़नदस्ता टीमों का गठन

हरियाणा शिक्षा बोर्ड की ओर कक्षा 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं 25 फरवरी को प्रारंभ की गई थी। जिला में बोर्ड की परीक्षाओं को नकलरहित व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए 7 उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया है।

### फ्लाइंग टीम ने पकड़े दो विद्यार्थी

चौथे दिन भी परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न करवाई गई। हालांकि निरीक्षण के दौरान काठ मंडी व बड़वासनी में बने परीक्षा केंद्र पर डीईओ फ्लाइंग टीम ने दो विद्यार्थियों को मौके पर नकल करते पकड़ा। दोनों विद्यार्थियों की यूएमसी बनाकर कार्रवाई अमल में लाई गई। **-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत**

### उड़नदस्ता टीम की कार्रवाई से खलबली

परीक्षाओं को नकलरहित व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के उद्देश्य से शनिवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव मुनीश शर्मा के नेतृत्व में उड़नदस्ता की टीम ने सोनीपत के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम को परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल मिला। उधर हरियाणा बोर्ड की नकल रहित परीक्षा के दावों की जिले में लगातार तीसरे दिन भी पोल खुलती नजर आई। कक्षा 10वीं की हिंदी विषय की परीक्षा में जहां 279 छात्र गैरहाजिर रहे, वहीं डीईओ फ्लाइंग टीम ने परीक्षा केंद्रों पर नकल करते हुए दो छात्र पकड़कर उनके खिलाफ यूएमसी बनाई गई। इससे पहले भी लगातार वीरवार व शुक्रवार को दो-दो विद्यार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया था। शनिवार को डीईओ फ्लाइंग टीम ने काठ मंडी स्थित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और गांव बड़वासनी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को नकल करते काबू किया। टीमों ने मौके पर विद्यार्थियों की यूएमसी बनाई। इस दौरान सेंटरों पर खलबली मची रही।

## न्यूज डायरी


**गोहाना।** समिति सदस्यों के साथ विचारविमर्श करते हुए प्राचार्य अश्विनी कुमार।

### सात मार्च को गोहाना में होगा हिंदू सम्मेलन

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर, गोहाना में 7 मार्च को विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गांधी नगर बस्ती व गौतम नगर बस्ती की ओर से आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना है। मुख्य अतिथि जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य अरुण बड़ौक होंगे। कार्यक्रम से पूर्व श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। यह कलश यात्रा प्रकाश गार्डन महम मार्ग गोहाना से शुरू होकर गीता विद्या मंदिर की छात्र शाखा में पहुंचेगी। इस आयोजन के लिए एक समिति गठित की गई है जिसमें संयोजक योगेश, सह संयोजक देवेंद्र कुमार एवं दीपक कपूर होंगे। सदस्य सुरेश शर्मा, सत्येंद्र व अनुज होंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर प्राचार्य अश्विनी कुमार ने समिति सदस्यों के साथ बैठक करके विचारविमर्श किया।


**गन्नौर।** वार्षिक उत्सव के प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित करते राहुल गुप्ता व रजनी शर्मा व अन्य फोटो : हरिभूमि

### अपोलो स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

**गन्नौर।** अपोलो स्कूल बड़ी में वार्षिक उत्सव थीम 'संभव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल गुप्ता व रजनी शर्मा ने शिरकत की। विद्यालय परिवार ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वार्षिक उत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। प्रस्तुतियों में यह दर्शाया गया कि आधुनिक समय में जहां बचपन परिवार के साथ बिताने के बजाय मोबाइल और तकनीक के साथ सीमित होता जा रहा है, वहीं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव से सोचने की क्षमता पर भी असर पड़ सकता है। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कूड़ा-कचरा उचित स्थान पर डालने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। पंजाबी भांगड़ा की जीवंत प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और जीवन में उत्साह बनाए रखने का संदेश दिया। प्री-नर्सरी से लेकर ग्यारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।


**गन्नौर।** जिला अध्यक्ष रणबीर छिक्कारा के साथ लड्डू खिलाकर एक दूसरे को बधाई देते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### केजरीवाल-सिसोदिया के बरी होने पर गन्नौर में जश्न

**गन्नौर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कथित शराब घोटाले से जुड़े मामलों में न्यायालय से राहत मिलने के बाद गन्नौर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। जिला अध्यक्ष रणबीर छिक्कारा गन्नौर के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और खुशी व्यक्त कर एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर फैसले का स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष रणबीर छिक्कारा ने इसे "सत्य की जीत" बताते हुए कहा कि लंबे समय से पार्टी के शीर्ष नेताओं को राजनीतिक द्वेष के चलते निशाना बनाया जा रहा था। जिला अध्यक्ष रणबीर छिक्कारा ने कहा कि अदालत के फैसले ने सच्चाई को सामने ला दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अपनी एजेंसियों का दुरुपयोग कर आम आदमी पार्टी के नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की। प्रत्याशी चयन समिति के संयोजक विमल किशोर ने भी इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।


**गन्नौर।** विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना, चेयरपर्सन शकुंतला कौशिक तथा डायरेक्टर राजेंद्र कौशिक। फोटो : हरिभूमि

### वंडर प्ले स्कूल के वार्षिक उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम

**गन्नौर।** गांधी नगर स्थित वंडर वर्ल्ड प्ले स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव 'झील' धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में योगेश कौशिक, संदीप सिंघल, बीआरसी सुनंद, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, भावना जग्या तथा शमशेर सैनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। वार्षिक उत्सव के दौरान नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे बच्चों ने नृत्य, गीत और मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यापिका तनु और नेहा ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना, चेयरपर्सन शकुंतला कौशिक तथा डायरेक्टर राजेंद्र कौशिक भी उपस्थित रहे।

# जीवन में तरक्की करनी है तो मेहनत करनी होगी : शर्मा

- मेहनत के अलावा जीवन में सफलता प्राप्ति का कोई शॉर्टकट नहीं


एमडी राजबीर शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जीवन तरक्की और बड़ी सफलता हासिल करनी है तो मेहनत करना आवश्यक है। बिना मेहनत के सफलता प्राप्ति का कोई शॉर्टकट नहीं है। विद्यार्थियों से यह बात शहर में महम मार्ग स्थित एमआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के एमडी राजबीर शर्मा ने कही। वे सफलता विषय पर विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा कर रहे थे।

एमडी राजबीर शर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता और तरक्की के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन, दृढ़ निश्चय और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य के साथ आगे बढना आवश्यक है। कड़ी मेहनत न केवल लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग खोल देती है अपितु आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि बिना मेहनत किए अकेले किस्मत के सहारे बैठना उचित नहीं है। मेहनत के बिना किस्मत का साथ मिलना नामुमकिन है। राजबीर शर्मा ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए समय का महत्व समझने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समय का सदुपयोग करने वाले जीवन में हमेशा आगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि बिना मेहनत के सफलता प्राप्ति का कोई शॉर्टकट नहीं है।

# शुभम बेस्ट एथलीट, 100-400 मीटर में सबसे तेज दौड़ी

- टीकाराम कन्या महाविद्यालय में 30 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

टीकाराम कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में 30वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया और जनरल सेक्रेटरी भूपेन्द्र सिंह दहिया ने ध्वजारोहण कर किया। कॉलेज प्राचार्य गीता ने सभी अतिथियों का पुष्पगुछ देकर स्वागत किया और महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, साइकिल रेस, लेमन रेस, चेटी रेस, बुक बैलेंस रेस, मटका रेस, लोंग जम्प, हाई जम्प, शॉट पुट, रिले रेस आदि प्रतियोगिताएं रखी गयी। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रधान सुरेंदर सिंह दहिया छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन व मेहनत अपनाते देते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और सोशल मीडिया से दूर रहने का संदेश दिया। 30वीं खेल खूद वार्षिक प्रतियोगिता की बेस्ट एथलीट शुभम (बीपीएड प्रथम वर्ष) की छात्रा रही। बेस्ट एथलीट को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। मंच संचालन डॉ. उपासना और डॉ. नीलम दहिया ने किया। इस अवसर पर सीआरए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र फॉर, टीकाराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र राणा, टीकाराम मॉडल स्कूल की प्राचार्या डॉ. आशा छाबड़ा, टीकाराम गर्ल्स स्कूल की प्राचार्या उषा नैन, शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षा डॉ. सुमन मान, डॉ. अल्का दहिया, सविता आदि सभी शिक्षक व गैर शिक्षक स्टाफ स्दस्य मौजूद रहे।


**सोनीपत।** खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए समिति के प्रधान, महासचिव, कॉलेज प्राचार्या एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### खेलकूद प्रतियोगिता में ये रहे विजेता

आज की खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस में शुभम, 200 मीटर रेस में शुभम, लेमन स्पून रेस में सरगम व कीर्ति, मटका रेस में साक्षी, लॉन्ग जंप में शिवानी, हाई जंप में कीर्ति, बुक बेलेंस रेस में तमन्ना व साक्षी, स्किपिंग रेस में श्वेता, साईकिल रेस में निशिता, साईकिल रेस (स्लो) में तनिशा, रिले रेस में कीर्ति, सरगम, तनु, वशुभम, फ्लैमिंगों में सरगम, जेवलिन थ्रो में अनु, शॉट पुट में तनुजा, 400 मीटर रेस में शुभम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को कॉलेज प्राचार्या व टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# पात्र बालिका को दिया जाएगा टीकाकरण का सुरक्षा कवच

- जिला के नागरिक अस्पताल व सभी सीएचसी केन्द्रों पर लगाया जाएगा टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान ने कहा कि जिला में प्रत्येक पात्र बालिका को आगामी तीन माह मे एचपीवी टीकाकरण का सुरक्षा कवच प्रदान किया जाएगा। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, कि प्रदेश की बेटियों का स्वास्थ्य ठीक रहे। उन्हे किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी ने हो। सोनीपत के सिविल अस्पताल में शनिवार को एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुई। जिसमें सोनीपत विधायक निखिल मदान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह टीका सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बेटियों का बचाव करेगा। उन्होंने कहा कि यह टीका बीमारी के जोखिम को कम करता है और पूरी तरह सुरक्षित व वैज्ञानिक शोध पर आधारित है। प्रशासन का सहयोग करे। सीएमओ डॉ. ज्योत्सना ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला के नागरिक अस्पताल व सभी सीएचसी केन्द्रों पर टीकाकरण अभियान की शुरूआत आज से हो गई है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के लिए बेटियों को आधार कार्ड व मोबाइल नंबर लाना आवश्यक है। आधार कार्ड से पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टीकाकरण का पूरा रिकार्ड यू-विन पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।


**सोनीपत।** टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान सम्मानित करते हुए विधायक साथ में सिविल सर्जन एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### पहले दिन 38 को टीका लगाया

बता दें कि स्वास्थ्य विभाग अभियान के तहत जिले की 15 हजार किशोरियों को टीकाकरण का लक्ष्य लेकर चल रहा है। लक्ष्य को पूरा करने के लिये विभागीय स्तर पर काम किया जा रहा है। शनिवार को पहले दिन 50 किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 38 किशोरियों को टीका लगाया गया।


**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान प्राचार्या गीता चोपड़ा विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन करती हुई।

### वैज्ञानिक सोच से ही देश का विकास संभव : सुधीर जैन

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी, मॉडल प्रदर्शनी व वैज्ञानिक प्रयोगों पर आधारित विविध प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर इन कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। चेयरमैन सुधीर जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक सोच से ही देश व समाज का विकास संभव है। आज के छात्र कल के वैज्ञानिक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उनकी प्रतिभा को एक मंच प्रदान करना है।

## यज्ञीय भावना से आत्मा व देश दोनों ही रहते हैं सुरक्षित : वेदपाल

# यज्ञ उत्सव में बही भक्ति के मनमोहक भजनों की बयार

- वैदिक यज्ञ समिति की ओर से 47वें वार्षिक उत्सव अथर्ववेद पारायण यज्ञ का रहा छठा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वैदिक यज्ञ समिति की ओर से सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित सात दिवसीय 47वें वार्षिक उत्सव अथर्ववेद पारायण यज्ञ का शनिवार को छठा दिन रहा। उत्तर प्रदेश के मेरठ से यज्ञ के ब्रह्मा डॉ. आचार्य वेदपाल ने वैदिक मंत्रों की व्याख्या करते हुए बताया कि यदि हम यज्ञ को अपने जीवन में प्रथम स्थान देंगे, तो मनुष्य साधक, देव बन जाएगा, क्योंकि यह हमारा प्रथम धर्म है। डॉ. आचार्य वेदपाल ने बताया कि यज्ञ से धूम की उत्पत्ति होती है, इससे बारिश व बारिश से खेती। इसी भांति जहां धन-धान्य की कमी नहीं होती, वह देश समृद्ध सुरक्षित रहता है। विश्ववारा कन्या गुरुकुल की छात्रा चेतना ने बताया कि मनुष्य अपने चित्त की वृत्तियों को रोक कर, सत्य का पालन करते हुए, त्यागपूर्वक अपना जीवन व्यतीत करता है, तो वह कालजयी, आत्मजयी हो जाता है। भजनोपदेशक आचार्य प्रदीप ने परमेश्वर को सृष्टि रचाने वाले, दुख से बचाने वाले, भजन सुनाकर यज्ञ की महिमा का वर्णन किया। महर्षि दयानंद के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए दुनिया वालों देव दयानंद दीप जलते आया था, गीत गाकर सभी को भाव विभोर किया। आचार्य अंकित प्रभाकर ने बताया कि गृहस्थ में परस्पर माता-पिता अपने संतान से किस प्रकार व्यवहार करें। समान विचारों से संबंध सुरक्षित रहते हैं। मन व शरीर को स्वस्थ रखने के लिए वृद्धावस्था में भी क्षमता अनुसार कार्य करना चाहिए, तभी वृद्धावस्था सुंदर बनी रहेगी। मंच संचालन आचार्य दीक्षा आर्या ने किया। कार्यक्रम में रामगोपाल भूटानी, संदीप ग्रोवर, पंकज बत्रा, सतीश आर्य, आलोक कोहली, ममता चावला मौजूद रही।



**सोनीपत।** सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र में वैदिक यज्ञ समिति के वार्षिक उत्सव में प्रवचन करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि


**सोनीपत।** सामुदायिक केंद्र में वार्षिक उत्सव के दौरान मौजूद श्रद्धालु।

# समाज की मजबूती आपसी विश्वास और सहयोग की भावना से ही संभव : बंसल

- होली मिलन समारोहों में पहुंचे भाजपा नेता, दिया सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा नेता एवं समाजसेवी अरुण बंसल ने शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होली मिलन समारोहों में भाग लेकर सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिया। दिनभर चले कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं और नागरिकों में उत्साह का संचार किया। अरुण बंसल, जो सोनीपत स्थित शिवा शिक्षा सदन स्कूल के निदेशक भी हैं, ने दोपहर के समय मुरथल रोड स्थित उत्सव ग्रैंड में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान के अलावा गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का यह पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम, सौहार्द और एकजुटता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इसके उपरांत वे जाहरी रोड पर फौजी कैंटीन के निकट स्थित श्री पैलेस में आयोजित होली कार्यक्रम में पहुंचे। यहां भी उन्होंने रंगोत्सव में सहभागिता करते हुए सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का आह्वान किया।


**सोनीपत।** होली मिलन समारोह में हिस्सा लेते हुए विधायक साथ में समाजसेवी अरुण बंसल एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि